Global investors summit up: वाराणसी और मिर्जापुर में बढ़ेंगे 30 हजार रोजगार के अवसर, करोड़ों का होगा निवेश

लखनऊ में 9 से 12 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। शासन स्तर से अलग-अलग विभागों को निवेश कराने का लक्ष्य दिया गया है। उद्योग विभाग को वाराणसी और मिर्जापुर मंडल से 6300 करोड़ रुपये निवेश कराने का लक्ष्य मिला है। संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह के मुताबिक, जौनपुर और चंदौली में निर्धारित से ज्यादा निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं।

विस्तार

उद्योग विभाग को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए वाराणसी व मिर्जापुर मंडल से 5125.8 करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इससे प्रत्यक्ष व

अप्रत्यक्ष रूप से करीब 30 हजार रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बड़ी संख्या में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी।

लखनऊ में 9 से 12 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। शासन स्तर से अलग-अलग विभागों को निवेश कराने का लक्ष्य दिया गया है। उद्योग विभाग को वाराणसी और मिर्जापुर मंडल से 6300 करोड़ रुपये निवेश कराने का लक्ष्य मिला है। संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह के मुताबिक, जौनपुर और चंदौली में निर्धारित से ज्यादा निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। वाराणसी व आसपास की 158 कंपनियों ने 3011.49 करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। गाजीपुर के निवेशक भी आगे आए हैं। मिर्जापुर, सोनभद्र व भदोही से भी अच्छे प्रस्ताव मिले हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। शासन ने अलग-अलग विभागों को भी निवेश का लक्ष्य दिया है। सभी विभाग अच्छा काम कर रहे हैं। इस बार निवेश बढ़ने की संभावना है। हर जिले से निवेश के प्रस्ताव मिल रहे हैं।

जनपद	**निवेश का लक्ष्य**	**प्रस्ताव मिले (करोड़ रुपये में)**
वाराणसी	4000	3011.49
चंदौली	1000	1110.8
जौनपुर	200	264.5
गाजीपुर	200	157.38
मिर्जापुर	200	207
सोनभद्र	200	71.11
भदोही	500	303.4
कुल	6300	5125.8